गुढ़ा बोले : मुझे जेल में डाला तो ''वन्स अपोन ए टाइम, देयर वॉज ए अशोक गहलोत''

गुढ़ा ने सार्वजनिक किए कथित लाल डायरी के पन्ने, वैभव गहलोत, भवानी सामोता, मुख्यमंत्री के सचिव का जिक्र

- **पन्नों को धीरे-धीरे खुलासा करता रहूंगा, पता चल सके कि क्या कुछ कारनामे सरकार में किए जाते हैं**
- **कांग्रेस है कहां, यहां तो गहलोत कांग्रेस है, जिनकी एक जेब में प्रभारी रंधावा, तो एक में डोटासरा है, हाईकमान भी कमजोर है : गुढ़ा**

जयपुर, (का.प्र.)। अशोक गहलोत मंत्रिमंडल से बर्खास्त होनेके बाद राजेंद्र गुढ़ा ने राजस्थान में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले सियासी भूचाल लाने वाली लाल डायरी के कथित तौर पर तीन पन्ने सार्वजनिक करते हुए दावा किया है कि इन पन्नों में मुख्यमंत्री के करीबी राजस्थान पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ ने अपनी लिखावट से मुख्यमंत्री के बेटे वैभव गहलोत और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव भवानी सामोता सहित अन्य लोगों से लेन-देन का जिक्र किया है।

इसी के साथ गुढ़ा ने कहा है कि मैं सरकार को नहीं सरकार मुझे ब्लैकमेल कर रही है। गुढ़ा ने दावा किया कि इस डायरी में मुख्यमंत्री के करीबी धर्मेंद्र राठौड़ की ही हैंडराइटिंग है। डायरी के कुछ पन्ने मिसिंग हैं, लेकिन मेरे पास जो पन्ने हैं, वह मैं जारी करूंगा।

डायरी में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के लेन-देन की बातें कोडवर्ड में हैं और वैभव गहलोत सहित मुख्यमंत्री के सचिव को लेकर भी बातें लिखी गई हैं। गुढ़ा ने जो पन्ने सार्वजनिक किए हैं उसमें लिखा है कि ''वैभवजी और मेरी दोनों की आरसीए चुनाव खर्चे को लेकर चर्चा हुई कि किस तरह भवानी सामोता तय करके भी लोगों के पैसे नहीं दे रहा है।''

वहीं यह भी लिखा है कि ''घर पर राजीव खन्ना और भवानी सामोता आए, आरसीए चुनाव का हिसाब किया। भवानी सामोता ने ज्यादातर लोगों से जो वादा किया है वो पूरा नहीं किया है। मैंने कहा यह ठीक नहीं है। आप इसे पूरा करो तो भवानी सामोता ने कहा कि मैं सीपी साहब की जानकारी में डालता हूं। फिर आपको 31 जनवरी तक बताता हूं''

वहीं इसी के साथ यह भी लिखा है कि ''सीएम के पीएस को भी फोन किया और कहा कि आरसीए वाला हिसाब कर दो, मुझे जरूरत है। उन्होंने कहा कि सीएम से बात कर बताऊंगा।

उन्होंने कहा कि मेरे पास जो लाल डायरी है उसमें धर्मेंद्र राठौड़ की हैंडराइटिंग है और उसमें क्या कुछ लिखा है, यह तो 3 पन्ने ही मैंने उजागर किए हैं। उन्होंने कहा कि आरसीए के सचिव भवानी समोता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी के करीब भी है। उन्होंने कहा कि डायरी के पन्नों पर कोडवर्ड में भाषा लिखी हुई है, जिसमें आरसीए के लेन-देन का हिसाब-किताब है।

मीडिया से बात करते हुए राजेंद्र गुढ़ा ने आशंका प्रकट की है कि सरकार मुझे जेल में डाल सकती है। मैं इस डायरी को विधानसभा में टेबल करना चाहता था, जो नहीं करने दी। उन्होंने कहा कि मैं इस डायरी के पन्नों को धीरे-धीरे खुलासा करता रहूंगा। आज 3 पन्ने जारी किए हैं और आने वाले समय में बाकी पन्ने भी जारी करूंगा, जिससे कि यह पता चल सके कि क्या कुछ कारनामे सरकार में किए जाते हैं। राजेंद्र गुढ़ा ने कहा कि कांग्रेस है कहां, यहां तो गहलोत कांग्रेस है। सीएम की एक जेब में प्रभारी रंधावा हैं, तो एक जेब में डोटासरा हैं। हाईकमान भी कमजोर है। अगर मुझे सरकार ने जेल में डाला तो सरकार के समाचार समाप्त हो जाएंगे, लोग कहेंगे वन्स अपोन ए टाइम, देयर वॉज ए अशोक गहलोत। राजेंद्र गुढ़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री मेरे बेटे के जन्मदिन पर मेरे घर गए थे, तब 50-60 हजार लोगों के बीच बोल कर आए थे कि गुढ़ा नहीं होता, तो मैं मुख्यमंत्री नहीं होता। अब अचानक गुढ़ा में क्या खराबी हो गई? मैं रंधावा से पूछना चाहता हूं कि बहन-बेटियों की सुरक्षा की बात करके क्या गलत किया? किस बात की माफी मांगू मैं?

गुढा ने यह भी कहा कि मेरे खिलाफ रोजाना नए मुकदमे हो रहे हैं। एक मुकदमा आज हो रहा है, एक मुकदमा 2 दिन बाद हो रहा है। जिस तरह से मेरे खिलाफ यह केस कर रहे हैं, मैं भी रणनीति के तहत स्टेप बाय स्टेप डायरी के पन्ने जारी करूंगा। सरकार को ब्लैकमेल करने के सवाल पर गुढ़ा ने कहा कि अगर 15 साल से मैं इनको ब्लैकमेल कर रहा हूं तो मैंने उनसे क्या-क्या ले लिया, यह बताते क्यों नहीं?

संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का प्रसार हो : मिश्र

राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को राजभवन में संस्कृति युवा संस्था की ओर से संविधान को पढ़ो और जिओ अभियान की शुरुआत करते हुए मुद्रित संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्य संदेश का लोकार्पण भी किया।

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि भारतीय संविधान भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत है। संविधान सांस्कृतिक ग्रंथ है और इसके बारे में सभी को समुचित जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह जब राज्यपाल के रूप में राजस्थान आए तब इस बात को अनुभूत किया कि संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों के बारे में बहुत अधिक जानकारी लोगों को नहीं है। इसे महसूस करते हुए ही संविधान-संस्कृति के प्रसार के लिए राजस्थान से पहल प्रारम्भ की गयी।

राज्यपाल मिश्र ने बुधवार को राजभवन में संस्कृति युवा संस्था द्वारा संविधान को पढ़ो और जिओ अभियान की शुरुआत करते हुए यह बात कही। उन्होंने संस्कृति युवा संस्था द्वारा दो लाख की संख्या में मुद्रित संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्य संदेश का लोकार्पण भी किया। उन्होंने संविधान के प्रति जागरूकता के लिए चलाए जाने वाले अभियान के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान देश का सर्वोच्च विधान है। इसके अर्थ की गहराई को समझे जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता क्या है, इसको भी व्यापक अर्थ में समझने की आवश्यकता है।

संस्कृति युवा संस्था के पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों की पालना की सीख के लिए संविधान जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

लाल डायरी में है कांग्रेस के काले कारनामों की शायरी : सी.पी.जोशी

- **'अभी तो लाल डायरी के कुछ पन्ने ही खुले हैं, कांग्रेस सरकार का ब्लड प्रेशर हाई होना स्वभाविक'**
- **'क्या कारण है कि मंत्री को पहले सरकार विरोधी बाते कहने पर नहीं हटाया, लाल डायरी का जिक्र आते ही पद से हटा दिया'**

जयपुर। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने आज प्रदेश कार्यालय में लाल डायरी पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्रीजी जिस लाल डायरी को कपोल कल्पित बता रहे थे उनके पूर्व मंत्री ने उस डायरी के पन्ने सार्वजनिक करके डायरी की वास्तविकता को बता दिया। अब मुख्यमंत्रीजी मौन क्यों हैं?

जोशी ने कहा कि सरकार के पूर्व मंत्री ने अभी तो लाल डायरी के तीन पन्ने ही खुले हैं, इसमें कई सारे राज छिपे हैं, कांग्रेस का ब्लड प्रेशर हाई होना स्वाभाविक है। प्रदेश की जनता लाल डायरी का काला सच जानना चाहती है। जब किसी मंत्री ने आपकी सरकार पर 50 प्रतिशत कमीशनखोरी का आरोप लगाया, चुनाव में हार और फोरच्यूनर जैसी गाड़ी में सारे जीते विधायक आ जाएंगे यह बोला तब पूर्व मंत्री पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, लेकिन जैसे ही लाल डायरी का जिक्र किया तो उन्हें मंत्री पद से क्यों हटाया। अब उसे सलाखों के पीछे भेजने की बात की जा रही है। लाल डायरी में कहीं ना कहीं आपकी सरकार ने साढ़े चार सालों में जो भ्रष्टाचार किया है, जनता को लूटा है उसका लेखा-जोखा है, जनता लाल डायरी का काला सच जानना चाहती है। जोशी गुरूवार को श्रीगंगानगर दौरे पर रहेंगे। जहां भाजपा संगठन की प्रात: 10 बजे समन्वय समिति तथा 11 बजे भाजपा जिला कार्य समिति की जिला कार्यालय में बैठक लेंगे और 4 बजे धानमण्डी लालगढ़ में कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। दोपहर 3 बजे दिवंगत भाजपा कार्यकर्ता के घर शोक संवेदना के लिए जाएंगे।

खेल प्रशिक्षक के 100 नवीन पदों का होगा सृजन

जयपुर, (का.सं.)। राज्य सरकार प्रदेश में खेलों के विकास एवं खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाए प्रदान करने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के बच्चों एवं युवाओं को उच्चस्तरीय खेल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ब्लॉक स्तर पर खेल प्रशिक्षक ग्रेड-तृतीय के 100 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

प्रस्तावित पद मेजर ध्यानचंद योजना के तहत सभी ब्लॉक स्तर पर बनाए जा रहे स्टेडियम के लिए सृजित किए जाएंगे।

दो शातिर नकबजन आए पुलिस गिरफ्त में

जयपुर। करधनी थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय नकबजन गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के दो शातिर नकबजनों को धर-दबोचा है और उनके पास से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए गए है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी रात के समय सूने मकानों में नकबजनी की वारदात को अंजाम देते है और साथ ही वारदात के दौरान रेंटल लग्जरी कारों का उपयोग करते है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) संजीव नैन ने बताया कि करधनी थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय नकबजन गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के शातिर नकबजन सलीम शेख उर्फ अयान (26)निवासी प्रताप नगर सांगानेर और शुभम शर्मा (23) निवासी प्रताप नगर को मनोहरपुर टोल से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से चार जुलाई की रात को अपने अन्य तीन साथियों के साथ मिलकर नकबजनी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है और साथ ही इनके पास से सोने-चांदी के जेवरात सहित वारदात में प्रयुक्त चौपहिया वाहन जब्त किया गया है।

आरोपियों ने पूछताछ में जयपुर शहर के अलावा देहरादून उत्तराखंड में भी नकबजनी की वारदात को अंजाम देना कबूला है। पूछताछ में सामने आया कि गैंग के सदस्य रात के समय लग्जरी रेंटल कार किराये पर लेकर दिन में चिन्हित सूने मकानों में नकबजनी की वारदातों को अंजाम देते है। आरोपित नकबजनी से प्राप्त राषि ऐष-मोज में खर्च करते है। पूछताछ में सामने आया है कि सलीम शेख उर्फ अयान के जयपुर शहर के विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक नकबजनी के प्रकरण दर्ज है व शुभम शर्मा के भी जयपुर शहर में 6 नकबजनी की प्रकरण दर्ज है। सलीम शेख गत सात माह से बाहर है एवं बाहर आने के बाद लगातार गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर नकबजनी की वारदातों को अंजाम दे रहा है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है एवं वारदात में शामिल अन्य नकबजनों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

विवाहिता को बदनाम करने की कोशिश

जयपुर। सोडाला थाना इलाके में एक विवाहिता से दुष्कर्म के बाद बदनाम करने की कोशिश का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीडिता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके निवासी 29 वर्षीय विवाहिता ने मामला दर्ज करवाया है कि करीब दो साल पहले नीरज कुमार से जान पहचान हुई थी। आरोप है नीरज तभी से उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता आ रहा है। कुछ दिन पहले उसने रिश्तेदारों में बदनाम करने की कोशिश की। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

शिक्षकों ने राजस्थान यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट बंदकर प्रदर्शन किया

जयपुर। पुरानी पेंशन बहाली के बदले नियोक्ता अंशदान राशि जमा कराने की शर्त के विरोध में राजस्थान विश्वविद्यालय सहित राज्य के सभी विश्वविद्यालय के शिक्षक पिछले छह दिन से विरोध रहे हैं। सरकार की ओर से सुनवाई नहीं होने पर बुधवार को शिक्षकों में रोष व्याप्त हो गया। शिक्षकों ने कैंपस में रैली निकाली। इसके बाद शिक्षक मुख्य गेट पर एकत्रित हुए और गेट बंद कर जेएलएन मार्ग पर आकर प्रदर्शन किया। उधर, ओल्ड पेंशन संयुक्त संघर्ष समिति राजस्थान के अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की ओर से कार्य बहिष्कार छठवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन को समर्थन देने के लिए राजस्थान विश्वविद्यालय कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन महासचिव बने सिंह धरना स्थल पर पहुंचे और शिक्षकों की मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ सरकार के अन्य कर्मचारियों की तर्ज पर देना चाहिए। राजस्थान विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने बताया कि धरने के छठवें दिन विश्वविद्यालय में शिक्षकों ने रैली निकाली और मुख्य द्वार को बंद कर अपना रोष प्रकट किया। महासचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रदेश स्तर पर समस्त राजकीय विश्वविद्यालय पुरानी पेंशन विसंगतियों को दूर करने के लिए आंदोलनरत है। जरूरत पड़ी तो राजस्थान के समस्त कर्मचारियों को विश्वविद्यालय द्वार पर इकट्ठा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री आज 249 चिकित्सा संस्थानों की सौगात देंगे

- **अंगदान महाभियान का भी शुभारंभ करेंगे**

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत गुरुवार को शाम 5 बजे मुख्यमंत्री निवास से 220 करोड़ की लागत से बने 148 चिकित्सा संस्थानों का लोकार्पण व 551 करोड़ की लागत से बनने वाले 101 चिकित्सा संस्थानों का शिलान्यास करेंगे।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री इस दौरान 25 मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब और 10 चिरंजीवी 104 जननी एक्सप्रेस एम्बुलेंस को भी हरी झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिये रवाना करेंगे।

उन्होंने बताया विभाग द्वारा अंगदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किए जाने वाले अंगदान महा अभियान का शुभारंभ भी मुख्यमंत्री द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अंगदान के क्षेत्र में कार्य करने वाले डॉक्टर्स, अंगदाताओ भी सम्मानित किया जाएगा।

शातिर चोर गिरफ्तार

जयपुर। विश्वकर्मा थाना पुलिस ने शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी का माल बरामद किया हैं। डीसीपी वेस्ट संजीव नैन ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आबीद उर्फ काला लंकापुरी भट्टा बस्ती का रहने वाला हैं। पुलिस ने उसके कब्जे से लोहे का रोटर व दो लोहे की प्लेट और वारदात के समय काम में लिया गया वाहन बरामद कर लिया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दुकान चौराहे के पास विश्वकर्मा जयपुर पर एक व्यक्ति मोटरसाईकिल पर लोहे का लोटर और दो लोहे प्लेट रखकर चलते फिरते ठेले वाले कबाड़ियों को बेचने की फिराक में खड़ा था जो संदिग्ध लग रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो उनके कब्जे से चोरी का रोट और दो लोहे की प्लेट मिले। पुलिस ने बताया कि अपराधी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्ट्रियों के शाम को बंद होने के बाद रैकी करते है।

'आगामी तीन माह के कार्यक्रम और अभियानों का रोडमैप तैयार'

- **भाजपा प्रदेश कार्यालय पर चुनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन**

जयपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर बुधवार को चुनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल, जितेन्द्र गोठवाल, संतोष अहलावत, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, मोतीलाल मीणा और दामोदर अग्रवाल ने मोर्चा, प्रकोष्ठ और अन्य भाजपा पदाधिकारियों से आगामी तीन माह के कार्यक्रमों की रूपरेखा और रोडमैप पर सुझाव लिए और चर्चा की।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी में जिन कार्यकर्ताओं को जो काम दिया जाए उसे समय सीमा के भीतर पूरी निष्ठा के साथ पूरा किया जाए। आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर तैयार रहें और सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें। दायित्व मिलने के बाद उसी दिन से उस पर काम करना शुरू करें और उसकी मॉनिटरिंग जरूर करें। आप सभी के सामने ''नहीं सहेगा राजस्थान अभियान'' एक उदाहरण है। बेहतर मॉनिटरिंग के चलते ही यह अभियान सफल हो पाया।

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कार्यकर्ता यह ना सोचे कि उसके काम को कोई देख नहीं रहा। संगठन में काम को जांचने वाली और परखने वाली हजारों आंखें होती हैं। लाभार्थियों के पास जाकर मोदी सरकार की योजनाओं की समीक्षा करें। टोली बनाकर सामंजस्य से काम करें और विजय संकल्प के साथ जुट जाएं।

प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि आज की इस कार्यशाला में बूथ स्तर से लेकर मंडल और विधानसभा स्तर तक के सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई है। प्रदेश में कांग्रेस राज के भीतर महिला उत्पीड़न, भ्रष्टाचार, बदहाल कानून व्यवस्था, युवाओं, दलितों और किसानों पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ भाजपा की ओर से आगामी अभियान और कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई है।

राजस्व सेवा परिषद ने किया राजस्व मंत्री का घेराव

- **ट्रांसफर पोस्टिंग में भ्रष्टाचार के लगाए आरोप तो मंत्री ने भी दिया जवाब**

जयपुर, (का.प्र.)। पूर्व में किए गए वादे के अनुसार अपनी मांगे नहीं माने जाने के खिलाफ विरोध जताते हुए राजस्व सेवा परिषद के बैनर तले पटवारी गिरदावर और नायब तहसीलदारों ने राज्य के राजस्व मंत्री रामलाल जाट का घेराव किया जहां पर राजस्व सेवा परिषद और मंत्री के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी हुए।

राजस्थान राजस्व सेवा परिषद के बैनर तले बड़ी संख्या में राजस्व सेवा के कर्मचारियों, जिनमें पटवारी, नायब तहसीलदार और गिरदावरों ने जयपुर में विधायकपुरी स्थित मंत्री रामलाल जाट के आवास के बाहर घेराव कर धरना दिया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने मंत्री को ज्ञापन देने के लिए घर से बाहर बुलाया। मंत्री के पहुंचने पर माइक पर ही राजस्व सेवा परिषद के पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी, तो मंत्री ने भी प्रदर्शनकारियों को भाषण देकर अपना जवाब दिया।

राजस्थान पटवार संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र कविया ने कहा कि हमारे कई साथी ऐसे हैं, जिनका पहले तो ट्रांसफर पूर्वी राजस्थान के भरतपुर, धौलपुर समेत दूर-दराज के एरिया में कर दिया। अब दोबारा वे ट्रांसफर के लिए कहते हैं तो 50 हजार से एक लाख रुपए तक मांगे जाते हैं। ट्रांसफर में इतना भ्रष्टाचार हो रहा है। अपनी 6 सूत्री मांगों को लेकर मंत्री के आवास का घेराव करने पहुंचे पटवारियों ने मंत्री के सामने ट्रांसफर-पोस्टिंग में हजारों-लाखों रुपए लेने और भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए, तो जवाब में मंत्री ने अपने भाषण में पटवारियों से कहा कि आप लोग आए दिन एसीबी की पकड़ में आते हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में भ्रष्टाचार के मामले में सबसे ज्यादा पटवारी और पुलिस वाले पकड़े जाते हैं। विरासत और रजिस्ट्री से जुड़े 80 फीसदी से ज्यादा नामांतरण आप लोग 2-3 माह से भी अधिक समय तक अटकाए रखते हो। इसके कारण आप लोग आए दिन एसीबी की पकड़ में आते हैं। इस कारण आपके साथ-साथ सरकार की बदनामी भी होती है।

युवक का मोबाइल छीना

जयपुर। करधनी थाना इलाके में पैदल जा रहे युवक का बाइक सवार बदमाश मोबाइल छीन कर फरार हो गए। कुछ दूर तक युवक ने आरोपियों का पीछा भी किया। लेकिन शातिर बदमाश अन्धेरा का फायदा उठा कर आंखों से ओझल हो गए। पीडित ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने ईएमआई नंबरों के आधार पर मामला दर्ज कर बाइक सवार बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सालासर वाटिका सरना डूंगरी निवासी नरेन्द्र (31) पुत्र बलवीर सिंह सोमवार को पैदल ही फोन पर बात करते हुए कही जा रहा था। तभी पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और झपट्टा मार कर रेडमी का मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्रद्धांजलि



हमारे प्रिय **श्री अश्विनी बक्शी** (महासचिव, वैष्णो देवी सेवा समिति) का स्वर्गवास 1.8.2023 को हो गया है समिति के समस्त सदस्य भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत-वैष्णो देवी सेवा समिति, वैष्णो देवी मंदिर, पंचवटी सर्किल, राजापार्क, जयपुर-9461504458

चौथे की बैठक



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड रहा है कि हमारे पूज्यनीय **श्री अश्विनी बक्शी** (रिटायर्ड चीफ मैनेजर एसबीबीजे) का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 01.08.2023 को हो गया है। चौथे की बैठक दिनांक 03 अगस्त 2023 को दोपहर 3 से 4 बजे श्री राम मन्दिर, दशहरा मैदान के सामने, आदर्श नगर, जयपुर में होगी।

शोकाकुलः शशी बक्षी (पत्नी), लता बक्षी (भाभी), निमिशा - दीपक अरोड़ा (पुत्री - दामाद), मोहित - शिखा बक्षी (पुत्र - पुत्रवधु), सार्थक, समर्थ (दोहिते), नमन (पौत्र), हिरल (पौत्री) एवं समस्त बक्षी, सरना, कंवर, धमीजा, मल्हौत्रा व दीवान परिवार। मो. 8387062377

नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत-प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर

क्रमांक: 6513 **जाहिर आम-सूचना** दि.-02.08.2023

राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/ फ्लेट संख्या 105/140 (MIG-B), (एरिया 153.00 वर्गमीटर) का आवंटन श्रीमती बीना कुमारी माथुर पत्नी श्री सुरेश चन्द माथुर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2885 दिनांक 31.12.1996 को जारी किया गया था। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 09.03.2006 को उप पंजीयक, सांगानेर-प्रथम जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती बीना कुमारी माथुर की मृत्यु दिनांक 12.11.2021 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री नीरज कुमार माथुर पुत्र श्री सुरेश चन्द माथुर द्वारा आवासन मण्डल मे अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्री नीरज कुमार माथुर पुत्र श्री सुरेश चन्द माथुर का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

भवदीय

सम्पदा प्रबन्धक वृत-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य ललित मोहन शर्मा पुत्र श्री बद्रीनारायण शर्मा, 46, महादेव नगर, वैशाली नगर के पास, गांधी पथ, जयपुर का पुत्र मिहित शर्मा मेरे अभिभाष्य व उसकी पत्नी श्रीमती मंजू शर्मा के कहने में नही है तथा उनका व्यवहार मेरे अभिभाष्य व समाज के प्रति उपेक्षित है। मेरे अभिभाष्य व उसकी पत्नी ने अपने पुत्र मिहित शर्मा को अपनी चल अचल सम्पत्ति व जीवन संव्यवहार से बेदखल कर दिया है। मिहित शर्मा से मेरे अभिभाष्य का आज के बाद कोई सम्बन्ध व सरोकार नही है। कोई व्यक्ति मिहित शर्मा से लेनदेन, संव्यवहार करता है या तो वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। भवदीय

जयपुर (अंकित शर्मा) एडवोकेट

दिनांकः 2/8/2023 मो. 9461234585

खोया पाया

मेरे मकान संख्या 122/94 विजय पथ, मानसरोवर, जयपुर का मूल अदेय प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। मिलने पर सूचित करें-नेहा चन्दनानी-7014194933

मेरे आवास संख्या 3-झ-19 जवाहर नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र (नोड्यूज) डिक्लरेशन पत्र व अन्य कागजात कहीं खो गये है। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो. 8209073755

मेरे आवास संख्या 183/03, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन पत्र कहीं गिर/ गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें पूजा भाटिया मो. 9116436450

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम बाजू देवी पुत्री श्री मेवा राम से बदलकर अनु चौधरी पुत्री श्री मेवा राम कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। पता-डोटोलाई, नागौर, राजस्थान-341510

मैंने अपना नाम सोलंकी विकी किशनभाई पुत्र किशनभाई सोलंकी से बदलकर विकी सोलंकी पुत्र किशन सोलंकी निवास 311 निर्वाण भवन, श्यामपुरी, हीदा की मोरी, रामगंज बाजार, जयपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे विकी सोलंकी (Vicky Solanki) के नाम से जाना पहचाना जावें।

मैंने मेरा नाम हिशमत राय तनवानी से बदलकर हिशमत तनवानी (पुत्र श्री हासानन्द) रख लिया है। निवासी 3-त-56बी जवाहर नगर, वाटर वर्क्स ऑफिस के सामने, रतन दुग्गड मार्ग, जयपुर। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें।

आम सूचना

सूचित किया जाता है कि एक सम्पत्ति प्लाट नम्बर 363, बीस दुकान, आदर्श नगर, जयपुर, राजस्थान, कुल क्षेत्रफल 457.40 वर्गगज के स्वामित्वाधिकार श्री जारोमल एवं उनकी पत्नी श्रीमती हेमी बाई के स्वर्गवास के पश्चात उनके विधिक वारिसान पूरणमल कोडनानी, सुरेश कोडनानी, अशोक कोडनानी, श्रीमती शीला मनसुखानी, श्रीमती शकुल ठाकुर एवं नारायण कोडनानी को प्राप्त हुये। पूरणमल कोडनानी के स्वर्गवास के पश्चात उक्त सम्पत्ति में उनके हिस्से के स्वामित्वाधिकार पुष्पा कोडनानी व रवि कोडनानी को प्राप्त हुये अशोक कोडनानी के स्वगवास के पश्चात उक्त सम्पत्ति में उनके हिस्से के स्वामित्वाधिकार अरूणा अशोक कोडनानी को प्राप्त हुयं तथा नारायण कोडनानी के स्वर्गवास के पश्चात उक्त सम्पत्ति में उनके हिस्से स्वामित्वाधिकार चन्दा कोडनानी, राजेश कोडनानी व कविता कोडनानी को प्राप्त हुये। श्री जारोमल, श्रीमती हेमी बाई, पूरणमल कोडनानी, अशोक कोडनानी व नारायण कोडनानी का उक्त वारिसान के अलावा अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी एवं वारिस नहीं है। श्रीमती शीला मनसुखानी व सुरेश कोडनानी ने उक्त सम्पत्ति में से अपना- अपना अविभाजित हक व हिस्सा जरिये पंजीकृत हक त्याग पत्र लिखा हुआ क द्वारा रवि कोडनानी के पक्ष में त्याग करदिया। श्रीमती शीला मनसुखानी जरिये मुख्तारआम श्रीमती शकुन जी ठाकुर, अरूणा अशोक कोडनानी श्रीमती चन्दा कोडनानी, राजेश कोडनानी व श्रीमती कविता खोसला ने उक्त सम्पत्ति में से अविभाजित 1/2 हिस्सा जरिये पंजीकृत उपहार पत्र के द्वारा श्रीमती आरती भूषण पटेल को उपहार में दे दिया। रवि कोडनानी ने उक्त सम्पत्ति में अपना अविभाजित 1/3 हिस्सा जरिये पंजीकृत उपहार पत्र के द्वारा श्रीमती आरती भूषण पटेल को उपहार में दे दिया। पुष्पा कोडनानी ने उक्त सम्पत्ति में अपना अविभाजित 1/12 हिस्सा जरिये पंजीकृत उपहार पत्र लिखा हुआ के द्वारा अंजलि कोडनानी को उपहार में दिया। अंजलि कोडनानी ने उक्त सम्पत्ति में अपना अविभाजित 1/12 हिस्सा जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र के द्वारा मोहम्मद आदिल को विक्रय कर दिया। उक्त सम्पत्ति स्वामित्वाधिकार रवि कोडनानी 1/12, श्रीमती आरती भूषण पटेल 10/12 व मोहम्मद आदिल 1/12 से उक्त सम्पूर्ण प्लॉट नम्बर 363, कुल क्षेत्रफल 457.40 वर्गगज को मेरी अभिभाष्या क्रय कर रहे है। तथा उक्त क्रय बाबत् मेरे अभिभाष्य ऋण दात्री संस्था आई.सी.आई.आई बैंक से ऋण प्राप्त कर रहे है। उक्त सम्पत्ति स्वामित्व एवं क्रय व ऋण बाबत् व्यक्ति, संस्था, बैंक या अन्य किसी भी पक्ष को किसी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो निम्न अद्योहस्ताक्षरकर्ता को अन्दर मियाद 7 दिवस में मय दस्तावेजी साक्ष्य सहित सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति विधि अनुसार शून्य मानी जावेगी।

पुलकित गर्ग (एडवोकेट), MZ-4, अलंकार टॉवर, कबीर मार्ग, बनीपार्क, जयपुर, मो.09828084002

आम सूचना हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्रीमती माफिया बानो पत्नी अयूब खा जाति देशवाली मुसलमान निवासी मस्जिलद के पास मौजमाबाद तहसील मौजमाबाद की आवासीय सपरिवर्तित 150 वर्गगज जो कि पार्श्वनपथ कॉलोनी रेढ़ी बालाजी रोड, दूदू में स्थित है उक्त सम्पत्ति श्रीमती माफिया बानो ने मेरे अभिभाष्य ए यू स्मॉल फाईनेंस बैंक शाखा दूदू से ऋण हेतु आवेदन किया है।

उक्त सम्पत्ति को श्रीमती माफिया बानो ने जरिये विक्रय पत्र रमेशचन्द राव पुत्र श्री देवीलाल राव निवासी दूदू से दिनांक 21.01.2015 को क्रय किया था उक्त विक्रय पत्र दिनांक 21.01.2015 को उपपंजीयक दूदू के यहां पंजीबद्ध है।

रमेश चन्द राव ने उक्त सम्पत्ति को गोपीचन्द काला पुत्र चंदनमल काला निवासी दूदू से जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 16.07.2009को क्रय किया था उक्त विक्रय पत्र उपपंजीयक दूदू के यहां दिनांक 16.072009 को पंजीकृत है।

रमेशचन्द राव के पक्ष में जो विक्रय पत्र दिनांक 16.07.2009 को पंजीबद्ध किया गया था उक्त मूल विक्रय पत्र काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिल रहा है। एवं गुम हो गया है। हर आम व खास को यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त मूल विक्रय पत्र यदि किसी व्यक्ति को मिलता है तो ए यू स्मॉल फाईनेंस बैंक शाखा दूदू में जमा करावें। उक्त सम्पत्ति पर श्रीमती माफिया बानो को ए यू स्मॉल फाईनेंस बैंक दूदू में ऋण आवेदन विचाराधीन है। यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर भीतर मुझ हस्ताक्षरकर्ता को आपत्ति दर्ज करवा देवे बाद गुजरने मियाद किसी भी तरह की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

(सुरेन्द्र शर्मा) एडवोकेट, मो. 9414297482

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

संख्या: सं. ईएल/118/11आर/2023-24/ डब्ल्यू 6/टीएफ दिनांक: 01.08.2023

मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली) जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **एनआईटी संख्या: ईएल/जेपी/11आर/2023-24. कार्य का नाम:** Jaipur Div-Supply Installation testing and commissioning of Solar Plants on roof top of Various buildings/ shelters over Jaipur Division. **अनुमानित लागत:** 1,15,59,237/-. **बयाना राशि:** 2,07,800/-. **निविदा खोलने की तिथि: 25.08.2023. नोट: ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे तक। **ई-निविदा खोलने की अंतिम तिथि एवं समय:** निविदा खोलने की तिथि को 15:00 बजे के बाद। सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: **http://www.ireps.gov.in**

811-AK/23

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

इत्तलानामा वास्ते जाहिर करने वजह न जारी होने डिक्री के

(ओ. 21 रूल 22 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत अपर जिला न्यायाधीश नं. 7 जयपुर महानगर द्वितीय,

राधागोविन्द एग्रो. बनाम

मै. अमोलक आयरन

डिग्री बाबत

मुकदमा नम्बर 67/22 सन्

बनाम:-

मुसम्मी पुष्पा पुत्री स्व. श्री गोपाल सिंह शेखावत कौम साकिन खुड हाऊस चांदपोल दरवाजे के बाहर, जयपुर

चुंकि डिक्रीदार ने डिग्री अदालत ADJ16 जयपुर महानगर मै. राधागोविन्द मवर्खे मै. अमोलक आयरन व मुकदमें नम्बर 250/12 सन् की इजराय के लिए दरख्वास्त पेश की है इसलिए आपको इत्तला दी जाती है कि आप इस अदालत में हाजा 23.08.2023 को हाजिर होकर अगर कोई उजर वास्ते आपके खिलाफ इजराय किये जाने डिग्री रखते हों तो पेश करो। आज व तारीख 26.07.2023 व सब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के जारी किया गया।

मोहर अदालत

अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम संख्या-7, जयपुर महानगर द्वितीय